भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2437

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सीतापुर जिला अस्पताल की स्थिति

2437. श्री राकेश राठौरः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि सीतापुर जिला अस्पताल वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है और वहां पर्याप्त आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का भारी अभाव है;

(ख) क्या सरकार को जानकारी है कि उक्त अस्पताल में समर्पित हृदय रोग संबंधी इकाई की अनुपलब्धता के कारण गंभीर रोगियों को लखनऊ रेफर कर दिया जाता है जिसके परिणामस्वरूप समय पर उपचार न होने के कारण रास्ते में ही रोगियों की मृत्यु हो जाती है;

(ग) हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार के लिए आवश्यक प्रयोगशाला, स्क्रीनिंग और अन्य नैदानिक सुविधाओं की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उक्त अस्पताल में हृदय रोग संबंधी इकाई, आधुनिक प्रयोगशाला और समग्र स्वास्थ्य अवसंरचना के उन्नयन के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और इसे पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): स्वास्थ्य राज्य का विषय है, स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की है। हालांकि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही अभिलेख (आरओपी) के रूप में

प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करती है। उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में शुरू की गई या चल रही स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट पर आरओपी के निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://nhm.gov.in/index1.php?lang=1&level=1&sublinkid=1377&lid=744

सरकार ने जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में स्वास्थ्य अवसंरचना, दवाओं, उपकरणों, मानव संसाधनों और सेवाओं में सुधार लाने और सभी राज्यों में एक समान, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय जन स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) लागू किए हैं। ये मानक परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण अपनाते हुए स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अवसंरचना, मानव संसाधन, दवाओं, निदान, सेवा प्रदायगी और शासन संबंधी आवश्यकताओं पर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, सीतापुर जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का प्राथमिक उपचार किया जाता है। हृदय रोग से संबंधित निदान और दवाओं की उपलब्धता की सुविधा उपलब्ध है।

(ग) और (घ): नि:शुल्क निदान सेवा पहल (एफडीएसआई) के अंतर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर नि:शुल्क निदान सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों प्रशिक्षित विशेषज्ञ कर्मचारियों की उपलब्धता के अनुरूप, सेवा प्रदायगी हेतु आवश्यक एवं वांछनीय गहन देखभाल उपकरण एवं नैदानिक से अवसंरचना पर्याप्त रूप से सुसज्जित हैं।

इसके अलावा, भारत सरकार के पास राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना की कमी को दूर करने के लिए कई योजनाएं हैं, जिनमें प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) और पंद्रहवां वित्त आयोग (एफसी- XV) शामिल हैं।

******